30/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक लेख साझा करते हुए बताया कि, किस तरह नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार भारत को ग्लोबल स्टील लीडर बनने की यात्रा को आकार दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर हेवी इंडस्ट्रीस और स्टील मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे और रक्षा से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एवं स्वच्छ ऊर्जा तक, स्टील उभरते भारत की रीढ़ है। अपने लेख में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टील क्षेत्र नए भारत के उदय को आकार दे रहा है। उन्होंने कहा कि राजमार्गों से लेकर हाई-स्पीड रेल, मेट्रो नेटवर्क से लेकर नवीकरणीय पार्क, ईवी से लेकर रक्षा तक, इंडियन स्टील हमारी बुनियादी ढांचा क्रांति के केंद्र में है।

0000000000000000000000

आज अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस है, जिसे विश्व संसद दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह हर साल 30 जून को मनाया जाता है। इसकी स्थापना 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी और जिसका नेतृत्व अंतर-संसदीय संघ करता है। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस एक अनुस्मारक है, कि उठाया गया हर सवाल, दिया गया हर जवाब और पारित किया गया हर कानून लोगों की उम्मीदों का भार वहन करता है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (APSCW) के 7वें निकाय ने आज आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। नवगठित निकाय की अध्यक्ष सुश्री यालेम तागा बुरांग, जबकि उपाध्यक्ष सुश्री त्सेरिंग डोल्मा हैं। सदस्यों में सुश्री आबेन मिज़े, सुश्री किपा काया रुघु, सुश्री तेची निखी याब और सुश्री कोतू बुई शामिल हैं। नए निकाय का गठन सामाजिक कार्य, कानून, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण सहित विविध क्षेत्रों के अनुभवी व्यक्तियों से किया गया है।

0000000000000000000000

गृह और पीएचई एवं जल आपूर्ति मंत्री मामा नातुंग ने आज ईस्ट कामेंग जिले के लुमदुंग में आगामी समन्वय बैठक से पहले ज़ोनल चीफ़ एंजीनियर्स और पीएचई कमिश्नर के साथ तैयारी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में फ़ाईनेंस कमिश्नर और सेक्रेट्री प्लानिंग ने भी भाग लिया, जिसमें प्रमुख विभागीय चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया और सेवा वितरण के साथ ही जन कल्याण में सुधार के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की गई।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने गत शनिवार को ईटानगर में 10वीं राज्य ब्रॉडबैंड समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रमुख डिजिटल कनेक्टिविटी पहलों की प्रगति की समीक्षा की गई और 9वीं बैठक से कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

इसमें बीएसएनएल और भारती हेक्साकॉम लिमिटेड (एयरटेल) द्वारा निष्पादित यूएसओ-वित्त पोषित 4जी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें नेटवर्क परिनियोजन और परिचालन तत्परता पर जोर दिया गया। स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पुलिस स्टेशन्स, स्वास्थ्य केंद्रों और पंचायत कार्यालयों जैसे सरकारी संस्थानों में भारतनेट की एफटीटीएच कनेक्टिविटी की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

0000000000000000000000

सरकार ने 'GoIStats' मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया है, जो हितधारकों को चलते-फिरते आधिकारिक डेटा तक सहजता से पहुँचने में मदद करेगा। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की यह पहल, सभी नागरिकों के लिए आधिकारिक सांख्यिकी को सुलभ और उपयोगकर्ता-केंद्रित बनाने की भारत की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'GoIStats' मोबाइल एप्लीकेशन में एक इंटरैक्टिव "की ट्रेंड्स" डैशबोर्ड है जो जीडीपी, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा सहित महत्वपूर्ण मेट्रिक्स के गतिशील विज़ुअलाइज़ेशन के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक संकेतकों को प्रदर्शित करता है।

0000000000000000000000

अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने आज अपर सियांग जिले के यिंगकियोंग में एक दिवसीय उद्यमी पंजीकरन मेले का आयोजन किया।

इस मेले का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह उद्यमियों को पंजीकृत करना था, साथ ही पॉप-अप स्टॉल, उत्पाद पंजीकरण, विपणन मार्गदर्शन और मौके पर ही FSSAI पंजीकरण जैसी आवश्यक सहायता प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में कुल सैतालीस स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, उपायुक्त तालो जेरांग ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से असंख्य महिलाओं को लाभ हुआ है।

0000000000000000000000

ईटानगर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और एब्रालो मेमोरियल मल्टीपर्पज सोसाइटी के सहयोग से आज एनजीओ यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर ने ईटानगर में 150 घरों को कवर करते हुए स्रोत अपशिष्ट पृथक्करण पर एक आईईसी अभियान चलाया। बिनी यांगा विमेन कॉलेज और गवर्नमेंट कॉलेज दोईमुख के छात्रों ने अभियान में भाग लिया और निवासियों को सूखे, गीले एवं अन्य कचरे को अलग करने, खाद बनाने और रिसाईकिल को बढ़ावा देने के बारे में शिक्षित किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और बहुत तेज बारीश होने कि संभवना है।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने कल ईटानगर के डॉन बॉस्को यूथ सेंटर में असमिया भाषा शिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाषा एक शक्तिशाली सेतु है और यह अरुणाचल प्रदेश और असम के लोगों के बीच आपसी सम्मान, साझा विरासत और गहरे संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

0000000000000000000000